मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126   PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 9 ■ अंक - 48 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 15 अगस्त से 21 अगस्त 2022 ■ पृष्ठ : 8 ■ कीमत : 3 /- रुपये




# कैबिनेट विस्तार के बाद मंत्रियों को विभागों का आवंटन

## सार्वजनिक परियोजना और परिवहन विभाग मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास

## गृह विभाग का जिम्मा देवेंद्र फडणवीस को, कुल 18 मंत्रियों ने शपथ ली

**मुंबई,** महाराष्ट्र कैबिनेट विस्तार के कुछ दिनों बाद मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया गया है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शहरी विकास मंत्रालय अपने पास रखा है. डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को गृह, वित्त, जल संसाधन, आवास और बिजली विभाग दिए गए हैं. सीएम शिंदे ने राज्य में शिवसेना-भाजपा सरकार के पहले कैबिनेट विस्तार के पांच दिन विभागों का बंटवारा किया है. मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक परियोजनाओं) और परिवहन विभागों को भी अपने पास रखा है.



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को महत्वपूर्ण गृह विभाग आवंटित किया. 9 अगस्त को 18 मंत्रियों को शामिल कर दो सदस्यीय मंत्रिमंडल का विस्तार करने वाले शिंदे ने शहरी विकास विभाग अपने पास रखा है. मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि फडणवीस वित्त और योजना मंत्रालय भी संभालेंगे, और भाजपा मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल नए राजस्व मंत्री होंगे. भाजपा मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को वन मंत्री बनाया गया है, इस विभाग को वे पहले भी संभाल चुके हैं. पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल उच्च और तकनीकी शिक्षा के नए मंत्री हैं, वे संसदीय मामलों को भी देखेंगे. शिंदे के करीबी नेता दीपक केसरकर स्कूली शिक्षा के नए मंत्री हैं, जबकि अब्दुल सत्तार को कृषि विभाग दिया गया है.

उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के 40 दिन बाद महाराष्ट्र में शिंदे और फडणवीस ने नई सरकार में शपथ ली. इसके पांच दिन बाद मंत्रालयों का बंटवारा देखने को मिला है. शिंदे-फडणवीस की कई दिल्ली यात्राओं के बाद राज्य सरकार में कुल 18 मंत्रियों ने शपथ ली है. दोनों दलों से 9-9 सदस्यों ने शपथ ली. राज्य मंत्रिमंडल में कुल 43 बर्थ हैं और बाद में और सदस्यों को जोड़ा जाना तय है. कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि शिवसेना बागी गुट के संजय शिरसत कैबिनेट में शामिल नहीं किए जाने से नाखुश हैं.


महाराष्ट्र कैबिनेट विस्तार के बाद आखिरकार विभागों का बंटवारा हो गया है। महाराष्ट्र में शहरी विकास, पर्यावरण, अल्पसंख्यक, परिवहन, आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मिली है। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को गृह और वित्त मंत्रालय दिया गया है। इसके साथ ही चंद्रकांत पाटिल को शिक्षा मंत्रालय और अब्दुल सत्तार को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। इस बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एकनाथ शिंदे खेमा जरूरत पड़ने पर अगले कैबिनेट विस्तार से पहले कुछ विभागों में बदलाव भी कर सकता है। इसके अलावा राधाकृष्ण विखे पाटिल को राजस्व, पशुपालन और डेयरी विकास मंत्रालय दिया गया है। सुधीर मुनगंटीवार को वानिकी, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन, चंद्रकांत पाटिल को उच्च और तकनीकी शिक्षा, कपड़ा उद्योग और संसदीय कार्य का जिम्मा मिला है।

# ट्रेन में भीड़ का फायदा उठाकर पलक झपकते ही महिलाओं के पर्स से आभूषण व नकदी गायब, शातिर चोर गिरफ्तार



**कल्याण** : एक्सप्रेस ट्रेन में भीड़ का फायदा उठाकर पलक झपकते ही महिलाओं के पर्स से आभूषण व नकदी गायब करने वाले एक शातिर चोर को कल्याण क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लाखों रुपए के आभूषण बरामद किया है। शातिर चोर के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले पुलिस थाने में दर्ज हैं। चोरी का सारा सामान अजमेर में बेचा करता था।

मिली जानकारी के अनुसार कल्याण रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय भीड़ का फायदा उठाते हुए महिलाओं के पर्स से आभूषण चोरी की शिकायत रेलवे पुलिस को लगातार मिल रही थी। इसको संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठों के मार्गदर्शन में रेलवे पुलिस के अलावा कल्याण क्राइम ब्रांच भी शातिर चोर की तलाश में जुट गई। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कल्याण क्राइम ब्रांच ने शातिर चोर की शिनाख्त करते हुए कल्याण-पूर्व स्थित पत्री पुल के पास से एक चोर को गिरफ्तार किया। उसके पास से ४१७.३५ ग्राम आभूषण बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत २१ लाख ६८ हजार ४०० रुपए बताई जा रही है। बता दें कि उक्त शातिर चोर के खिलाफ पहले से ही चोरी के १३ मामले दर्ज हैं।
















# संपादकीय

## 2024 की चिंता

बिहार में नीतीश कुमार ने जो करिश्मा कर दिखाया है, उससे भाजपा को थोड़ा-बहुत झटका जरूर लगा है, लेकिन विपक्ष तो फूला नहीं समा रहा। लगभग सारे विपक्षी नेताओं ने नीतीश को बधाई दी है और नीतीश ने भी आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए कह दिया है कि नरेंद्र मोदी को अब 2024 की चिंता करनी चाहिए। यानी अब विपक्षी गठबंधन इतना मजबूत हो जाएगा कि वह अगले आम चुनाव में भाजपा को टक्कर दे सकता है। नीतीश ने यह भी कह दिया है कि अब वे नौवीं बार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। तो क्या वे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगे हैं? प्रश्न यह है कि क्या नीतीश विपक्षी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बन सकते हैं? क्यों नहीं बन सकते? भारत में वे ऐसे अकेले नेता हैं, जो आठ बार मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने ऐसी-ऐसी पार्टियों के साथ गठबंधन किए हैं, जो उनकी जानी दुश्मन रही हैं। वे ऐसे गठबंधनों के मुख्यमंत्री रहे, जिनकी पार्टियां एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाती थीं। ऐसे ही नेता की आज अखिल भारतीय स्तर पर जरूरत है, जो परस्पर विरोधी पार्टियों को भाजपा के विरुद्ध एकजुट कर सके। असलियत तो यह है कि नीतीश आज की राजनीति के प्रामाणिक प्रतिनिधि हैं। आज की राजनीति क्या किसी सिद्धांत, विचारधारा या नीति पर चलती है? बिलकुल नहीं। उसका मूलाधार है- सत्ता। सत्ता-प्राप्ति के लिए कोई भी नेता और कोई भी दल किसी का भी हमजोली बन सकता है। लेकिन यहां असली सवाल यही है कि क्या देश के अखिल भारतीय और प्रांतीय विरोधी दल एक मजबूत गठबंधन बनाकर भाजपा को टक्कर दे सकेंगे? ऐसा होना बहुत कठिन लगता है। इसका पहला कारण तो यही है कि इस समय मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही है। जिन-जिन राज्यों में यह सत्ता से बाहर है, वहां के प्रायः सभी सत्तारूढ़ दलों से उसकी सीधी टक्कर है, जैसे केरल में कम्युनिस्ट पार्टी, बंगाल में टीएमसी, दिल्ली-पंजाब में आप। अब ये पार्टियां गठबंधन में शामिल होंगी तो कांग्रेस के साथ एक जाजम पर कैसे बैठेंगी? फिर अनेक प्रांतीय दलों में आपसी टकराहट भी बहुत है। नीतीश मोदी के सामने तभी खड़े हो सकते हैं, जब विपक्षी नेता उनके लिए रास्ता छोड़ें। क्या ममता बनर्जी, शरद पवार, केसीआर, अरविंद केजरीवाल, एचडी कुमारस्वामी आदि नीतीश को अपना नेता मान लेंगे? बिहार में तरह-तरह के नेताओं से सामंजस्य बिठाने में नीतीश को महारत हासिल है, लेकिन बिहार के बाहर उनकी कितनी पकड़ है? वे केंद्रीय रेलमंत्री जरूर रहे हैं, लेकिन अपनी अखिल भारतीय छवि नहीं बना सके हैं। भारत में किसी भी सत्ता को टक्कर देने के लिए नीति से ज्यादा नेता की दरकार होती है। मोदी ने 2014 में सोनिया-मनमोहन को नेता के रूप में ही टक्कर दी थी। साथ ही उन्होंने नई-नई नीतियों की भी घोषणा की। आज भारत के विपक्ष के पास न तो कोई ठोस वैकल्पिक नीति है, न नारा है और न ही नेता हैं। विपक्ष कितना नाकारा है, इसका प्रमाण इसी से मिल जाता है कि किसान आंदोलन या नागरिकता कानून विरोधी आंदोलन का कोई विपक्षी दल नेतृत्व तक नहीं कर पाया। विपक्षी नेतागण बयान ही जारी करते रहे। क्या नीतीश बिहार से बाहर निकलकर कोई देशव्यापी आंदोलन खड़ा कर सकते हैं? अभी तो बिहार में गठबंधन सरकार चलाना ही भारी चुनौती लगती है।

– संपादक : छोटेलाल शर्मा

# पतंजलि योगपीठ द्वारा मुंबई में स्वतंत्रता की अमृत महोत्सव का शानदार आयोजन






**मुंबई,** स्वतंत्रता की अमृत महोत्सव समारोह से इतर व्यास मुंबई राज्य सह प्रभारी एवं कर्मठ सौजन्य से श्री सुरेश सिंह कांदिवली जिला प्रभारी के अथक परिश्रम एवं सक्रिय नेतृत्व के सौजन्य से उत्साह एवं सूरज पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

योग शिक्षक श्री कंचन राजभर एवं श्री संजय विश्वकर्मा अनेकों योग शिक्षकों एवं साधकों की भरपूर उपस्थिति में झंडोत्तोलन कार्यक्रम तिरंगा रैली बुआ सालवी मैदान से अन्नाभाऊ साठे तक निकाली गई।

योगाभ्यास जीवनशैली सुधार एवं खानपान की शुद्धता पर विशेष ध्यान एवं कार्यक्रम की विविधता पर विशेष जोर दिया गया।

वरिष्ठ प्रभारी, योग शिक्षक एवं साधकों का स्वयं उत्साहवर्धन उत्साहवर्धक सहयोग सहभागिता से अमृत महोत्सव तिरंगा रैली कार्यक्रम काफी रोचक ढंग से संपन्न हुआ।

सौजन्य जगदीश नारायण सिंह
9223244038

# श्री नारायणी सेना ने किया दिल से स्वागत




**आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव पर श्री नारायणी सेना के पदाधिकारियों ने लहराया तिरंगा ट्रक यूनियन मकराना अमृत महोत्सव पर ट्रक यूनियन मैं सभी दुकानदारों झंडारोहण किया झंडारोहण के बाद 21 किलो लड्डू बांटकर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी वह मुंह मीठा करवाया इसमें शामिल हुए मदन लाल सैनी गोपाल सैनी शंकर लाल सैनी नंदलाल सेन श्रीराम सैनी विक्रम सेन सरवन सैनी बबलू जैन विष्णु सेन रवि बहादुर लक्ष्मण भरत तिलोक वे और सभी गणमान्य लोग मौजूद थे.**

**श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र**

**प्रदेश प्रभारी**
**विक्रम धुवारिया (सुखदेव सेन)**
**बींठवालिया नागौर राजस्थान.**

## कोश्यारी, शिंदे, फडणवीस ने मेटे के निधन पर व्यक्त किया शोक

**मुंबई,** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री गोपीनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने रविवार को शिव संग्राम संगठन के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद विनायक मेटे के निधन पर शोक व्यक्त किया। कोश्यारी ने अपने शोक संदेश में कहा, ह्लशिव संग्राम संगठन के अध्यक्ष विनायक मेटे के सड़क दुर्घटना में निधन के बारे में जानकर स्तब्ध और दुखी हूं। पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनका समर्पित कार्य उल्लेखनीय था ह्व राज्यपाल ने कहा,ह्लमैं इस अवसर पर शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।



राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड.बी.एम.शर्मा**
**एड.आर.आर.शर्मा**
**एड.भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।







# पुलिसकर्मियों को इस तारीख तक गिरफ्तारी के नियमों के बारे में रहे जानकारी

**मुंबई,** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में निर्देश दिया था कि राज्य के प्रत्येक पुलिस कर्मियों को 30 अगस्त तक गिरफ्तारी के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और उसके कारणों को दर्ज करने के बारे में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा जारी हालिया दिशानिदेर्शों से अवगत होना चाहिए. अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि ह्लउक्त दिशानिदेर्शों का पालन करने में विफलता, उक्त अधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को आमंत्रित करेगी.



न्यायमूर्ति भारती एच डांगरे की एकल-न्यायाधीश पीठ ने पिछले हफ्ते भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए (घरेलू हिंसा) के तहत ठाणे पुलिस द्वारा दायर एक व्यक्ति द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश पारित किए. हाईकोर्ट ने कहा कि संबंधित पुलिस आयुक्त (सीपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उप-मंडल पुलिस अधिकारियों (एसडीपीओ) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों द्वारा सभी पुलिस स्टेशनों पर दिशानिर्देश प्रसारित किए जाएं.

दिशानिर्देश सरकारी वेबसाइटों और पुलिस विभाग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित किए जाने चाहिए. राज्य के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक एस वी गावंद ने ह्यगिरफ्तारी के कानूनह्ल पर दिशा-निदेर्शों को रिकॉर्ड में रखा, जिसमें अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य (2014) और सतेंद्र कुमार एंटील बनाम सीबीआई (2021) मामलों में सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों का उल्लेख है. डीजीपी के आदेश में कहा गया है कि यदि जांच अधिकारी, साक्ष्य सामग्री की पर्याप्तता का आकलन करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो वह गिरफ्तारी करने या न करने के लिए रिकॉर्ड करेगा. दिशा-निदेर्शों में कहा गया है कि एक बार जांच अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी का निर्णय लेने के बाद, उसे सीआरपीसी और पिछले अदालत के फैसले के अनुसार व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा.

# बोरीवली पूर्व में महाराष्ट्र युवा संघ द्वारा 75 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से संपन्न



**मुंबई,** बोरीवली पूर्व स्थित महाराष्ट्र युवा संघ कार्यालय परिसर में 75 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मिठाई व चॉकलेट बांटी गई।

संस्था अध्यक्ष जमुना प्रसाद पटेल ने प्रमुख अतिथि शशिकांत मिश्रा, संतोष तिवारी व पूजा पांडे को शाल, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।


जमुना प्रसाद पटेल ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार कई वर्षों से अनवरत जारी है कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र युवा संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# निलेश शर्मा ने ध्वजारोहण किया नालासोपारा में सोसाइटी के लोगो के साथ




**नालासोपारा,** बिलालपड़ा, नालासोपारा पूर्व मे अपने चाल के सभी मित्रो के साथ मिलकर, 75 आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त मनाया गया, वहां मुकेश शर्मा, शैलेश शर्मा, सुनील तिवारी, संदीप राय, अर्जुन यादव, राकेश यादव, दिनेश शर्मा, पियूष शर्मा, आयुष शर्मा, सभी मित्र मौजूद रहे.



डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C २४००




# अंत्येदर्शन की जगह भगदड़, गुस्साए सदावर्ते, शरद पवार ने कहा...




**मुंबई:** शिव संग्राम संगठन के मुखिया और मराठा आरक्षण के अथक सेनानी विनायक मेटे का आज एक दुर्घटना में निधन हो गया. उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए कई नेता मुंबई पहुंचे। मराठा आरक्षण के खिलाफ स्टैंड लेने वाले वकील गुणरत्न सदावर्ते भी अंतिम संस्कार के लिए आए। लेकिन इस बार एक ऐसी घटना हुई जिसमें उन्हें धक्का दे दिया गया। पुलिस ने उन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया। अब सदावर्ते ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सदावर्ते ने कहा कि हमने मेटे के संगठन के पदाधिकारियों से कहा था कि हम आएंगे। हमने इस बार प्रार्थना की। अन्य विधायकों से चर्चा की। उसके बाद मुझ पर ऐसे हमला किया गया जैसे महाराष्ट्र की कोई संस्कृति ही नहीं है। उसके बाद सदावर्ते ने कहा कि पुलिस ने मुझे छुड़ाया और मुझे बाहर निकाला। इस दौरान उन्होंने एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर गंभीर आरोप लगाए. शरद पवार और जिन लोगों की ईडी और सीबीआई जांच कर रही है, वे हाथ पकड़कर युवाओं को इस तरह का व्यवहार करवाते हैं। सदावर्ते ने यह भी कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सभी मराठा युवा इसमें हैं। विनायक मेटे ने जीवन भर मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष किया है, जबकि गुणरत्न सदावर्ते ने उच्च न्यायालय में मराठा आरक्षण के खिलाफ याचिका दायर की है, सदावर्ते ने अपने भाषणों में कई बार मराठा आरक्षण का विरोध भी किया है।






























**Shri Narendra Modi**
Hon. Prime Minister

सत्यमेव जयते
Government of Maharashtra

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# Har Ghar Tiranga

## 13th to 15th August 2022

Our Tricolour is a symbol of India's fight for freedom.
Let us participate, get united in the nationwide 'Har Ghar Tiranga' movement
as a part of 'Azadi Ka Amrit Mahotsav' celebrations.
Showing great respect and honour for our Tiranga,
let us hoist the Tricolour at every house and
make this a great celebration of India @75!



**Tiranga available at**

You can buy from Gram Panchayats, Talathi offices, Ration Shops & Post Offices.

**Always respect our National Flag**

Use of plastic flags is prohibited.
After the celebration, the National Flag should be lowered respectfully.

**Shri Eknath Shinde**
Hon. Chief Minister

**Shri Devendra Fadnavis**
Hon. Deputy Chief Minister

www.mahasamvad.in | /MahaDGIPR | /MaharashtraDGIPR | महाराष्ट्र शासन

Directorate General of Information and Public Relations Government of Maharashtra

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C२३३९

# ऑर्थर रोड जेल में मुंबई के टॉप 3 लीडरः कैदी नंबर 2225 हैं अनिल देशमुख, संजय राउत को मिल रही हैं ये सुविधाएं

**मुंबई :** महाराष्ट्र के तीन सीनियर लीडर इस समय ऑर्थर रोड जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अरेस्ट किए गए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अनिल देशमुख और नवाब मलिक जेल में बंद हैं। वहीं, शिवसेना नेता संजय राउत भी अब जेल में बंद हैं। इन तीनों नेताओं को ऑर्थर रोड जेल में सुरक्षा के कारण अलग-अलग बैरक में बंद किया गया है। उनके बैरक में टीवी, कैरम, किताबें और अन्य जरूरी चीजें भी मुहैया कराई गई हैं।

**हर महीने मिल रहे हैं 6 हजार रुपए**

हालांकि, मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में फरवरी में गिरफ्तार किए गए मलिक को फिलहाल कुर्ला के क्रिटी केयर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं। वह पिछले दो महीने से एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जेल में बंद अन्य कैदियों की तरह इन तीनों नेताओं को भी हर महीने 6,000 रुपये का मनीआर्डर मिल रहा है। उस पैसे से वे जेल के अंदर जरूरी चीजें खरीद सकते हैं। पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में एक अगस्त को गिरफ्तार किए गए संजय राउत को अब



अंडरट्रायल नंबर 8959 के तौर पर आर्थर रोड जेल में बंद किया गया है।

**घर से ला सकते हैं खाना**

राउत को सुरक्षा कारणों से अकेले अलग बैरक में रखा गया है। जेल प्रशासन की ओर से उनकी मांग पर उन्हें नोटबुक और पेन दिए गए हैं। वह पढ़ने के लिए जेल की लाइब्रेरी से किताबें ले सकते हैं। यदि वे कोई किताब लिखते हैं तो वो केवल जेल के दायरे में रहकर ही किताब लिख पाएंगे। शिवसेना सांसद को जेल में घर का खाना भी मिल रहा है क्योंकि मुंबई कोर्ट ने इसकी अनुमति दी है। राउत को फिलहाल 22 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वो 8 अगस्त से आर्थर रोड जेल में बंद हैं।

**23 फरवरी को अरेस्ट किए गए थे मलिक**

राकांपा नेता मलिक को 23 फरवरी को ईडी द्वारा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों से कथित रूप से जुड़े एक संपत्ति सौदे में गिरफ्तार किया गया था। आर्थर रोड जेल में वो कैदी नंबर 4622 हैं। ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से मलिक हिरासत में हैं, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते उन्हें फिलहाल इलाज के लिए कुर्ला के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अदालत ने मलिक को आर्थर रोड जेल में बिस्तर और कुर्सी का इस्तेमाल करने और घर का बना खाना खाने की इजाजत दी थी। उन्हें भी अलग सेल में रखा गया है और उन्हें टीवी, कैरम और किताबें जैसी चीजें दी गई हैं।

## कोश्यारी, शिंदे, फडणवीस ने मेटे के निधन पर व्यक्त किया शोक



**मुंबई :** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री गोपीनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने रविवार को शिव संग्राम संगठन के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद विनायक मेटे के निधन पर शोक व्यक्त किया। कोश्यारी ने अपने शोक संदेश में कहा, ''शिव संग्राम संगठन के अध्यक्ष विनायक मेटे के सड़क दुर्घटना में निधन के बारे में जानकर स्तब्ध और दुखी हूं। पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनका समर्पित कार्य उल्लेखनीय था।'' राज्यपाल ने कहा, ''मैं इस अवसर पर शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।''

## महाराष्ट्र में सभी पुलिसकर्मियों को इस तारीख तक गिरफ्तारी के नियमों के बारे में रहे जानकारी, अदालत का निर्देश



बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में निर्देश दिया था कि राज्य के प्रत्येक पुलिस कर्मियों को 30 अगस्त तक गिरफ्तारी के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और उसके कारणों को दर्ज करने के बारे में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा जारी हालिया दिशानिर्देशों से अवगत होना चाहिए. अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि ''उक्त दिशानिर्देशों का पालन करने में विफलता, उक्त अधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को आमंत्रित करेगी.''

न्यायमूर्ति भारती एच डांगरे की एकल-न्यायाधीश पीठ ने पिछले हफ्ते भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए (घरेलू हिंसा) के तहत ठाणे पुलिस द्वारा दायर एक व्यक्ति द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश पारित किए. हाईकोर्ट ने कहा कि संबंधित पुलिस आयुक्त (सीपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उप-मंडल पुलिस अधिकारियों (एसडीपीओ) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों द्वारा सभी पुलिस स्टेशनों पर दिशानिर्देश प्रसारित किए जाएं. दिशानिर्देश सरकारी वेबसाइटों और पुलिस विभाग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित किए जाने चाहिए.

**रिकॉर्ड करना होगा गिरफ्तारी का फैसला**

राज्य के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक एस वी गावंद ने 'गिरफ्तारी के कानून' पर दिशा-निर्देशों को रिकॉर्ड में रखा, जिसमें अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य (2014) और सतेंद्र कुमार एंटील बनाम सीबीआई (2021) मामलों में सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों का उल्लेख है. डीजीपी के आदेश में कहा गया है कि यदि जांच अधिकारी, साक्ष्य सामग्री की पर्याप्तता का आकलन करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो वह गिरफ्तारी करने या न करने के लिए रिकॉर्ड करेगा. दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि एक बार जांच अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी का निर्णय लेने के बाद, उसे सीआरपीसी और पिछले अदालत के फैसले के अनुसार व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा.

## एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को क्लीन चिट



**मुंबई :** मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को कास्ट स्क्रूटनी कमिटी ने क्लीन चिट दे दी है। कमेटी के अनुसार समीर वानखेड़े अनुसूचित जाति से ही हैं, उनके पिता ज्ञानदेव वानखेड़े महार जाति से हैं। वे जन्म से मुस्लिम नहीं हिंदू हैं। उन्होंने भले ही एक मुस्लिम महिला से शादी की थी, लेकिन अपना धर्म नहीं बदला था वे ज्ञानदेव से दाऊद नहीं हुए थे। इसलिए समीर वानखेड़े पर लगा आरोप गलत है कि उन्होंने मुस्लिम होने की बात छुपाई और अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ लेकर आईआरएस अधिकारी की नौकरी पाई। मुंबई डिस्ट्रिक्ट कास्ट स्क्रूटनी कमिटी ने अपनी पड़ताल में यह साफ कहा है कि समीर वानखेडे जन्म से मुस्लिम नहीं थे।

## बीड में भीषण सड़क दुर्घटना, कार और टेंपो की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के बीड जिले में रविवार सुबह एक कार और मिनी ट्रक के बीच टक्कर हो जाने पर छह लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे मांजरसुंभा-पाटोदा राजमार्ग पर हुई. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार केज तहसील के जीवाचिवड़ी गांव निवासी एक परिवार विवाह समारोह में शामिल होने के लिए कार से पुणे जा रहा था, इसी दौरान उनकी कार और एक मिनी ट्रक के बीच टक्कर हो गई.

**कार को निकालने के लिए बुलानी पड़ी क्रेन**

यह हादसा इतना भयंकर था कि एक्सीडेंट के



बाद कार पूरी तरह से टेंपो के नीचे आ गई और उसे निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी. घटना की जानकारी मिते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची. अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में उक्त परिवार के पांच सदस्यों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई. अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद मिनी ट्रक चालक फरार हो गया, लेकिन बाद में उसने पाटोदा पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया.

**शादी समारोह में जा रहे थे सभी लोग**

मृतकों की पहचान रामहरी चिंतामन कुटे (40), सुनीता रामहरी कुटे (38), ऋषिकेश रामहरी कुटे (19), आकाश रामहरी कुटे (15), प्रियंका रामहरी कुटे (17) के रूप में हुई है. सभी पुणे के जीवाचिवड़ी गांव के निवासी थे. घटना में राधिका सुग्रीव केदार (14) की भी मौत हो गई, जो केज तालुका के सारनी सांगवी गांव की रहने वाली थी. कार में सवार सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे.

## सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाला सरफराज गिरफ्तार

**मुंबई :** सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लखनऊ के साइबर सेल ने राजस्थान के भरतपुर से आरोपी सरफराज को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सफराज ने ही डायल 112 के व्हाट्सएप पर सीएम योगी को मारने की धमकी वाला मैसेज डाला था। इस मामले में 2 अगस्त को केस दर्ज किया गया था और तभी से पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।


केस दर्ज होने के बाद से साइबर टीम सरफराज की तलाश में थी। साइबर टीम ने राजस्थान के भरतपुर से सरफराज को गिरफ्तार किया और उसे लखनऊ लेकर आई। लखनऊ पुलिस अब सरफराज से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक सफराज के पिता पेशे से डॉक्टर हैं। गौरतलब है कि शनिवार को भी सीएम योगी को जान से मारने की धमकी मिली है। किसी अज्ञात शख्स ने

**पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा**



सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी दी है। धमकी भरी ये चिट्ठी हिंदुवादी नेता देवेंद्र तिवारी के घर पर एक बैग फेंककर दी गई है। ये वही देवेंद्र तिवारी हैं जिन्होंने अवैध बूचड़खाने को लेकर जनहित याचिका दायर की हुई है। लखनऊ के आलमबाग इलाके में रहने वाले देवेंद्र तिवारी को धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें लिखा है कि उसे और सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ा दिया जाएगा। देवेंद्र तिवारी ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी है जिसके बाद से पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक देवेंद्र तिवारी और सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स का नाम सलमान सिद्दिकी है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर राज्य में कड़ी सुरक्षा है। सुरक्षा एजेंसिया काफी सतर्क है। पिछले 6 दिनों में यूपी से 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है।



















# मरीन ड्राइव पर 4 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक



**मुंबई :** आजादी के ७५वें जश्न को मनाने की तैयारी कई दिनों से जारी है, वहीं ट्रैफिक विभाग ने घोषणा की है कि नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) और मरीन ड्राइव रोड के बीच आज ब्लॉक रहेगा। उत्तर की ओर जाने वाला मार्ग रविवार को सुबह छह बजे से १० बजे तक बंद रहेगा। आज इस रूट पर ४ घंटे का ब्लॉक रहेगा। यह ब्लॉक अमृत महोत्सव फ्रीडम फॉर रन के लिए लिया गया है। मतलब मरीन ड्राइव की तरफ आज जो जाएगा, वह फंस जाएगा। बता दें कि भारतीय स्वतंत्रता की ७५वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मुंबई पुलिस द्वारा आयोजितै अमृत महोत्सव ऑफ फ्रीडम रन' के दौरान डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस प्रदन्या झेगे ने यातायात के सुचारु संचालन के लिए आदेश जारी किया है। इस दौरान सर दोराब टाटा रोड (मुरली देवड़ा चौक से एनसीपीए गेट नंबर ३ तक) के उत्तर की ओर प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा, जबकि बैरिस्टर रजनी पटेल रोड, जो कि वर्तमान में साउथ के यातायात के लिए खुला है, उसको गेंदा पॉइंट से सखार भवन जंक्शन तक सभी यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। वहीं एनएस रोड, जो वर्तमान में दक्षिण और उत्तर की ओर यातायात के लिए खुला है, वह एनसीपीए से मरीन ड्राइव तक बंद रहेगा। आदेश में कहा गया है कि इस सड़क पर केवल हल्के मोटर वाहनों को ही यातायात की परमिशन दी जाएगी। आदेश में कहा गया है कि एयर इंडिया से मंत्रालय जंक्शन तक दक्षिण और उत्तर की ओर जाने वाली सड़क बंद रहेगी। फ्री प्रेस रोड, बैरिस्टर रजनी पटेल रोड, जमनालाल बजाज रोड, वन-वे विनय के शाह रोड और एनसीपीए गेट नंबर ३ का एक रास्ता भी बंद रहेगा।

# विलेपार्ले में गिरे हुए पेड़ का पुनरोद्धार कर पुनर्रोपण



**मुंबई :** पश्चिमी उपनगर विलेपार्ले (पूर्व) में फुटपाथ पर शुक्रवार को एक बादाम का पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन उक्त पेड़ गिरने के बाद भी अच्छी स्थिति में था। इसलिए पार्क विभाग ने तत्काल उपलब्ध सिस्टम का उपयोग करते हुए अंधेरी (पूर्व) में नगर निगम के रमेश मोरे पार्क में पेड़ का पुनर्रोपण किया। इस संबंध में जानकारी उद्यान विभाग के अधीक्षक जितेंद्र परदेशी ने दी.पश्चिमी उपनगर के कश्मीर/पूर्व खंड में नेहरू रोड विले पार्ले (पूर्व) में फुटपाथ पर सोमवार को एक बादाम का पेड़ अचानक गिर गया. हालांकि उद्यान विभाग के विशेषज्ञों की ओर से बताया गया कि उक्त पेड़ भले ही गिर गया हो, लेकिन इसे बचाना संभव है. इसलिए उद्यान विभाग के अधीक्षक जितेंद्र परदेशी ने तुरंत युद्धस्तर पर कदम रखा और उपलब्ध नगरपालिका प्रणाली का उपयोग करते हुए अंधेरी (पूर्व) में नगर निगम के रमेश मोरे पार्क में गिरे हुए पेड़ को तुरंत लगाया और पेड़ को जीवन दिया। इस कार्य में उप उद्यान अधीक्षक परी-3 की अमूल्य भागीदारी रही। साथ ही अब उक्त वृक्ष जिस स्थान पर गिरा, उस स्थान पर नया पौधा लगाकर उसमें खाद डालकर नया वृक्ष बनाने का कार्य किया जाएगा।

# रायगढ़ के पूर्व विधायक विनायक मेटे की सड़क दुर्घटना में मौत





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के रायगढ़ से पूर्व विधायक विनायक मेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। बताना चाहते हैं कि यह भीषण सड़क हादसा मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर हुआ है। दरअसल सड़क हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि यह हादसा पनवेल के माडप टनल के पास होने की खबर सामने आ रही है। विनायक मेटे अपनी रवश कार से जा रहे थे इसी समय यह भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। हादसे कितना भीषण था इसका अंदाजा आप कार को देखकर लगा सकते हैं। वहीं इस हादसे के बाद तत्काल विनायक मेटे को नवी मुंबई के कामोठे इलाके में स्थित एमजीएम अस्पताल में एडमिट कराया गया था। लेकिन उन्हें गंभीर चोटें इस हादसे में आई थी। जिसके कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका है। हालांकि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मेटे तीन बार विधायक रह चुके थे। विनायक मेटे के निधन पर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने शोक प्रकट किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि शिवसंग्राम संगठन के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी विनायक मेटे के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। हार्दिक संवेदना। कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी ने कहा कि विनायक मेटे जी के निधन के बारे में सुनकर दुखी हूं। उनके परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

# मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे की गिरफ्तारी को लेकर आवाज मुखर होती जा रही है

**मुंबई :** 'ईडी' द्वारा मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे की गिरफ्तारी को लेकर आवाज मुखर होती जा रही है। ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए 'आप' ने तीखा सवाल उठाया है कि आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला, भाजपा नेता किरीट सोमैया और मोहित कम्बोज पर लगे आरोपों का क्या हुआ?



'आप' की नेता प्रीति शर्मा मेनन का आरोप है कि भाजपा नेता 'ईडी' का इस्तेमाल ईमानदार आईपीएस अधिकारी संजय पांडे को फर्जी मामले में फंसाने के लिए कर रहे हैं। 'ईडी' ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया है। यह विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत, राजनीतिक प्रतिशोध है, जो उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आंतरिक मंडली वाले भाजपा नेताओं द्वारा किया जा रहा है। 'ईडी' का उपयोग भाजपा द्वारा विपक्षी नेताओं के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है। लेकिन यह बेहद चौंकाने और परेशान करनेवाला है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

श्री उमेश प्रताप सिंह संस्थापक चेयरमैन श्री राज बली सिंह एजुकेशनल



ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित

1. ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (उइरउ)महरछा, जंघई, प्रयागराज

2. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज

3. आर्या श्रीमती दुलारी सिंहए कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (ऊए'.एं.कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज

4. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर भारत सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव पर्व पर आज सोमवार, दिनांक 15 अगस्त 2022 को सुबह 8.30 बजे ध्वजोत्तोलन समारोह संस्थान के प्रबन्धक श्री सौरभ उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि श्री बलवंत सिंह सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवम् उद्योगपति और विशिष्ट अतिथि श्री राजबहादुर सिंह सुप्रसिद्ध समाज सेवी तथा प्राचार्य श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय, प्राचार्या श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव के सहयोग से राष्ट्रीय तिरंगे का ध्वजोत्तोलन का कार्य सम्पन्न हुआ छात्र एवम् छात्राओं के सहयोग से सम्पूर्ण स्टॉफ एवम् मैनेजमेंट के दिशानिर्देशन एवम् उपस्थिति में प्रभात फेरी का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात छात्र एवम् छात्राओं के द्वारा सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय प्राचार्य जी ने किया आभार प्रदर्शन का कार्य श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव प्राचार्या ह्लग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूलह्व ने किया।

**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**प्रबंधक - श्री राज बली सिंह**
**एजुकेशनल ट्रस्ट**
**संपर्क कार्यालय**
**महरछा, जंघई, प्रयागराज**



**मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज दिल्ली में सामाजिक व आर्थिक न्याय सम्मेलन को संबोधित करने के लिए पहुंचे हुए हैं कार्यक्रम का आयोजन आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में हो रहा है इस अवसर पर माननीय जे पी शास्त्री जी ने अपनी टीम व अन्य साथियों के साथ कार्यक्रम आयोजक मा आर पी सिंह अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यादगार सीन कैमरे में कैद की जो आपके सामने प्रेषित की जा रही है कार्यक्रम चालू होने के बाद आपको और सारी डिटेल दी जाएगी.**

## ब्रह्म कुमारीज मुलुंड द्वारा रक्षाबंधन पर्व मनाया गया

**मुंबईः-** प्रजापिता ब्रह्म कुमारीज मुलुंड द्वारा वीरानगी शाखा पर रक्षाबंधन का पावन पर्व समारोह पुर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बी के प्रविणा बहन द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी के.एन.सिंह (अध्यक्ष-उत्तर भारतीय मित्र मंडल मुलुंड ),डॉ बाबुलाल सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता),डॉ.आर.एम.पाल (शिक्षा विद), को राखी बांध कर,मुख मिठा करवा कर पर्व मनाया या।

इसी तरह ब्रह्म कुमारीज मुलुंड के मुख्य केंद्र पर राजयोगिनी गोदावरी दीदी के मार्गदर्शन में पवित्र रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।






**नामली नगर परिषद अध्यक्ष पद पर सेन समाज के आदरणीय अनीता ताई परिहार, सेन चुनकर आए हैं, अभिनंदन बधाई एवं शुभकामनाएं।।**
**अशोक पवार अध्यक्ष** **गोपाल lilde प्रदेश सचिव, राजस्थान प्रभारी**
**सभी मान्यवर पदाधिकारी,महाराष्ट्र राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना**



**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना अहमदनगर जिला महिला अध्यक्ष सौ शिल्पा विशालजी फुलडालिया आपको जन्मदिन की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं.**
**प्रदेश अद्यक्ष। आशोकजी पवार** **प्रदेश मुख्य सचिव गोपाल लिलड़ै**



**टाक परिवार नाशिक के नूतन गृह प्रवेश कार्यक्रम पर सेन समाज के राष्ट्रीय कार्यकर्ता बालासाहेब भाटी, माजी अध्यक्ष धोंडी रामजी sakla, युवक मंडल माजी अध्यक्ष राजेन्द्र जी तवर, युवा कार्यकर्ता संदीप सेन भक्त, नारायणी सेना संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar**



**नगर के banberu परिवार के पुना में आशा भेल के उदघाटन समारोह में राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना, महाराष्ट्र प्रदेश के phuldale अध्यक्ष दीपक जी phuldale पुनेरी पगड़ी रमेश जी banberu को पहना कर अभिनंदन किया, कल्पेशजी phuldale, मोहनलाल जी चांगल, आदी मान्यवर पदाधिकारी**



**स्वातंत्र्य के अमृत महोत्सव पर भारत मां का पुजन, नमन, अशोक पवार khandalkar, अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन**







यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com